प्रकाशन MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

अमरवाणी–
समय का मूल्य समझो क्योंकि वो कभी वापस नहीं आता ।


साप्ताहिक

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

Mob. 9425708959 http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

वर्ष–40 अंक –11 पिपरिया (म. प्र.) दिन – सोमवार दिनांक–26 जनवरी 2026 मूल्य–5/00 पृष्ठ –8


## भोपाल मैराथन का सफल आयोजन

### तिरंगे की आन–बान–शान के लिए दौड़े हजारों रनर्स

### 21 कि.मी. ओवर आल केटेगरी से सरीश कुमार वर्मा और मनीषा बने विनर

पिपरिया । निकिता योग निकेतन की फाउंडर निकिता मंडलोई एड्वेंचर एण्ड यू के फाउंडर मितेष रामबिया और सुपर एथलीट के फाउंडर प्रवीन सापकल की प्रोगेसिव मोशन नेटवर्क का पहला प्रयास भोपाल को उच्चस्तरीय मैराथन का हिस्सा बनाने में सफल रहा । दैनिक भास्कर, एन.एन. सीटी ग्रुप, सागर मल्टी स्पेशलिटी, हास्पिटल, आमेर बेकरी व होटल आमेर पैलेस और फार्च्यून बिल्डर्स विभिन्न रूपों में इस मैराथन के सहयोगी रहे ।

1.5 कि.मी., 3. कि.मी. , 5 कि.मी., 10 कि.मी. और 21 कि.मी. की विभिन्न केटेगरी में हजारों पुरुष महिला एवं बच्चों ने हिसास लेकर इस आयोजन को सफल बनाया । सर्द हवाओं और कोहरे के बीच रविवार 25 जनवरी को भोपाल के खूबसूरत रास्तों पर हजारों धावक तिरंगे की आन-बान और शान के लिए दौड़े । डी.बी. सिटी माल के विशाल प्रांगण से प्रारंभ हुई दौड़ वहीं पर आकर समाप्त हुई । अपनी सेहत के प्रति जागरूक हजारों धावकों का जोश ठंड पर भारी पड़ रहा था । बच्चों की 1.5 कि.मी. की फैन्सी ड्रेस रन आकर्षक का केन्द्र रही जिसमें बच्चों ने रंग बिरंगी वेशभूषा में भाग लिया ।

ज़ुम्बा डांस से शुरू हुए रन में लोगों के लिए खास पंजाबी ढोल और आर्केष्ट्रा रखा गया था जिसका हर बीट रनर्स में नया जोश भर रहा था । चारों ओर रनर्स हर बीट पर थिरकते नजर आ रहे थे । प्रेग्रेसिव मोशन नेटवर्क का पहला आयोजन ने ही रनर्स का दिल जीत लिया । अपने शानदार आयोजन से पीएमएन की टीम ने मैराथन कल्चर में एक नया माइलस्टोन सेट किया है । चूंकि इस टीम में सभी रनर्स है और उनके आयोजन में इसकी साफ झलक दिखाई दी । सफल आयोजन के आयोजक निकिता, परी, मितेश, प्रवीन और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई ।

पिपरिया प्रकाश साप्ताहिक की ओर से आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।






## रेवा किड्स प्ले स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम



भोपाल । रेवा किड्स प्ले स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं , स्लोगन और गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की शुरूआत में झंडावंदन किया गया, जिसमें बच्चों ने तिरंगे की शान में कसीदे कढ़े ।कार्यक्रम में बच्चे देश भक्ति के रंग में रंगे नजर आएं । मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## उत्साह, उमंग से मनाई बसंत पंचमी

भोपाल । रेवा किड्स प्ले स्कूल में बसंत पंचमी उत्सव , उत्साह और उमंग से मनाया गया । बासंती रंग में रंगे बच्चों ने मां सरस्वती की पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। चूंकि बसंत में फूल प्रकृति का श्रृंगार करते है। इसीलिए इस मौके मौके पर स्टूडेंट्स के लिए फलावर फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया था। बच्चे सुंदर – सुंदर फूल बनकर आएं थे ।

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


**द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेन्टर**
ऊमर वाले दादा के पास, सीमेंट रोड, पिपरिया
मो. 9197955515
डोसा, इडली, बड़ा साबर, समोसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां
पुड़ी सब्जी–गरमा गरम
नोट –आर्डर पर पार्सल सुविधा उपलब्ध

शुद्ध सोने एवं चांदी के फैंसी एवं कलात्मक आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
ज्वेलर्स
**देवीलाल श्यामसुन्दर सोनी**
Gold, Diamond, Kundan, Moti & Silver Jewellery
शोभापुर रोड, मंगलवारा बाजार, पिपरिया (म.प्र.)
फोन–(07576) 220214, 220845

डॉ. आदित्य गुप्ता
डेन्टल सर्जन
BDS, FAGE, MIAGD
**पिपरिया डेन्टल क्लिनिक**
समय : सुबह 10 से 2 बजे तक शाम 5 से 8 बजे तक
पुलिस थाने के पास, मेन रोड, पिपरिया मो.9406544544
उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं
डिजीटल एक्स-रे
आर.सी.टी.
सिंगल सिटिंग आर.सी.टी.

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरूम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते हैं।
**विजय ज्वेलर्स**
मेन रोड,पिपरिया
(07576) 224130,9425475530

## सम्पादकीय

### कब शिक्षा में सुधार होगा

प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का आलम यह है कि जहां कोई बच्चा ही नहीं है वहां शिक्षक पदस्थ है और जहां बच्चे अधिक है वहां शिक्षक ही नहीं है । इस तरह के गैर जिम्मेदाराना व्यवस्था के लिए हमारे प्रशासन की लापरवाही साफ जाहिर होती है आखिर किस अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति स्कूलों में की जाती है । क्यों सरकारी स्कूलों में आने वाले हर बच्चे को उनके हक की शिक्षा क्यों नहीं मिलती है। जहां एक ओर बड़े – बड़े निजी स्कूलों का जाल बिछा हुआ है वहीं और बच्चों को तमाम व्यवस्थाएं और सुविधाएं मिल रही है जो जरूरत से कहीं ज्यादा है वहीं सरकारी स्कूलों के बच्चे अभी भी टाट पट्टी पर बैठकर मामूली शिक्षा ग्रहण करने की बाट जोह रहे है आखिर शिक्षा जैसी अहम जरूरत को लेकर सरकारों का रवैया इतना गैर कानूनी क्यों है ??? शक्षा समाज की बेहतरी के लिए बहुत आवश्यक है लेकिन इस अहम जरूरत की प्रदेश में कितनी दुर्गती है यह किसी से छिपा नहीं है। रिक्त पदों को भरने में हो रही तमाम विसंगतियों को मिटाया जाना चाहिए ताकि हर स्कूल में बच्चों को शिक्षकों का सानिध्य मिल सकें। शिक्षा की इस दुर्गति के लिए प्रशासन की गंभीर लापरवाहियां जिम्मेदार है इसके लिए शिक्षा की बेहतरी की इच्छाशक्ति और समाज को शिक्षित करने की अलख मन में होना आवश्यक है। उम्मीद है कि कभी तो शिक्षा क्षेत्र में नया सूर्य उदय होगा ।

## ग्राम उरदौन एवं घोघरी के माध्यमिक विद्यालय परिसरों में नेकी की दीवार लगाकर 85 जोड़े जूते बच्चों को अमृत सेवा समिति ने सरोकार की मिसाल पेश की

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।**(छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम्



सोहागपुर विकासखंड के आदिवासी ग्राम उरदौन और घोघरी में अमृत सेवा समिति द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए नेकी की दीवार का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों गांवों के माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले जरूरतमंद स्कूली बच्चों को ठंड से बचाव के लिए जूते वितरित किए गए। पर्यटन स्थल मढ़ई के नजदीक स्थित ये आदिवासी गांव आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। यहां बच्चों की जरूरतों को देखते हुए अमृत सेवा समिति ने ग्राम उरदौन एवं घोघरी के माध्यमिक विद्यालय परिसरों में नेकी की दीवार लगाई, जिसके तहत कुल 85 जोड़े जूते बच्चों को प्रदान किए गए।

इस सेवा कार्य में पिपरिया से जैन समाज के सत्संग मंडल की 15 से अधिक मातृशक्तियों सहित अमृत सेवक गांवों में पहुंचे और बच्चों को जूते वितरित किए। कार्यक्रम में अमृत सेवा समिति के सदस्य श्री सुखदेव सिंह कालोटी, मनोज नागोत्रा, सुजीत पटवा, राजू रघुवंशी, कमलेश साहू, सुरजीत सिंह सहित पूर्व सैनिक एसोसिएशन के केशर जी चौधरी और निरंजन वैष्णव भी शामिल रहे।

जूते वितरण के इस सेवा कार्य के लिए शाला परिवार और ग्रामीणजनों ने अमृत सेवा समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जैन समाज की मातृशक्ति सत्संग मंडल एवं गुरदीप सिंह अरोड़ा का विशेष सहयोग रहा। अमृत सेवा समिति ने भी इस मानवीय पहल में सहयोग देने वाले जैन समुदाय की समस्त मातृशक्तियों और सभी सहयोगी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।


गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर**

हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया

9479381880, 9131649108

**मिलने का स्थान –**

यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें।


## सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात सरस्वती वंदन पूजन दीप प्रज्वलन विधि विधान पूर्वक संपन्न किए गए ।उपरांत ही छात्र/छात्राओं ने आकर्षक देशभक्ति से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। उसे उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर बोलते हुए संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और संविधान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी ,प्रभारी आशीष स्वामी, प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू जाटव, ऑफिस रीडर अनीता बाथरे है। वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिका और स्टाफ मौजूद रहे अंत में मिष्ठान वितरण संपन्न हुआ।

## माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव –हथवास से साड़िया तक आस्था की पदयात्रा, 20 किमी पैदल चलकर मां को अर्पित की चुनरी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।**(छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम्प पिपरिया, मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा का प्राकट्योत्सव रविवार को पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया विश्व की एकमात्र नदी जो पूर्व से पश्चिम दिशा में 1312 किलोमीटर बहती हैं, जिनकी परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व है । समय– पैदल परिक्रमा में 100 से 250 दिन (लगभग 3–8 महीने) लग सकते हैं, यह आपकी गति और मार्ग पर निर्भर करता है। नियम– परिक्रमा का एक मुख्य नियम यह है कि नदी को पार नहीं करना होता, इसलिए भक्तों को एक किनारे से चलना शुरू करके अंत में दूसरे किनारे से लौटना होता है। शुरुआत– इसे अमरकंटक या ओंकारेश्वर जैसे पवित्र स्थानों से शुरू किया जाता है। व्यवस्था– इस यात्रा में आश्रमों और स्थानीय लोगों (परिक्रमवासियों) द्वारा भोजन और आवास की व्यवस्था मिलती है। उस मां नर्मदा की जयंती पर हर ओर भक्ति का माहौल नजर आया। पिपरिया क्षेत्र में नर्मदा जयंती महोत्सव का शुभारंभ भव्य चुनरी शोभायात्राओं के साथ हुआ। नगर से सटे हथवास गांव स्थित खेड़ापति मंदिर से कुशवाहा समाज एवं ग्रामीणों द्वारा 251 मीटर लंबी चुनरी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु करीब 20 किलोमीटर पैदल चलकर साड़िया स्थित नर्मदा तट पहुंचे, जहां मां नर्मदा को चुनरी अर्पित की जाएगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला–पुरुष एवं युवा श्रद्धालु शामिल रहे।

जयघोषों से गूंजे मार्ग–शोभायात्रा रविवार सुबह 11 बजे हथवास से प्रारंभ हुई, जो शोभापुर रोड मंगलवारा चौक, साड़िया रोड, सिलारी चौक होते हुए हाईवे मार्ग से साड़िया नर्मदा घाट की ओर रवाना हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु 'जय मां नर्मदा' के जयघोष करते हुए हाथों में चुनरी लेकर आगे बढ़ते नजर आए। नगर में हिंदू उत्सव समिति, जय माता दी समिति सहित अन्य सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जगह–जगह पूजन–अर्चन कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया।

सातवां चुनरी महोत्सव, पूरा गांव शामिल– यात्रा में शामिल बाबूलाल ठेकेदार ने बताया कि यह सातवां चुनरी महोत्सव है, जिसमें पूरा गांव उत्साहपूर्वक भाग लेता है। पचमढ़ी रोड क्षेत्र से भी श्रद्धालुओं ने आस्था की चुनरी यात्राएं निकालीं, जो साड़िया नर्मदा घाट की ओर बढ़ीं।

साड़िया घाट पर विशेष आयोजन साड़िया में नर्मदा जयंती महोत्सव समिति द्वारा जल मंच पर विराजित मां नर्मदा की प्रतिमा का सुबह विधिवत पूजन एवं दुग्धाभिषेक किया गया। दोपहर बाद भंडारा प्रसादी का वितरण प्रारंभ हुआ। वहीं शाम को नर्मदा तट पर शोभायात्रा, दीपदान एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत साड़िया, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नर्मदा घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई है


अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट

**राज ट्रेडर्स**

मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339

**कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया**

होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध

लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड

डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए

ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

**रघुजी नमकीन**

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

**शोभापुर रोड, पिपरिया** Ph.224241,




-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471

## महाशिवरात्रि मेला वर्ष 2026 के लिए प्रमुख स्थानों से पचमढ़ी तक का यात्री किराया निर्धारित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । परिवहन विभाग द्वारा जिले के सुप्रसिद्ध महाशिवरात्रि मेला वर्ष 2026 के लिए प्रमुख स्थानों से पचमढ़ी तक का किराया निर्धारित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती रिंकू शर्मा ने बताया कि नागपुर से पचमढ़ी 270 कि.मी के लिए 338 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार छिंदवाड़ा से पचमढ़ी 188 कि.मी के लिए 236 रुपए, गाडरवाड़ा से पचमढ़ी 108 कि.मी के लिए 136 रुपए, भोपाल से पचमढ़ी 199 कि.मी के लिए 250 रुपए, सिवनीमालवा से पचमढ़ी 169 कि.मी के लिए 212 रुपए, इटारसी से पचमढ़ी 142 कि.मी के लिए 178 रुपए, होशंगाबाद से पचमढ़ी 124 कि.मी के लिए 156 रुपए, बाबई से पचमढ़ी 102 कि.मी के लिए 128 रुपए, सेमरी से पचमढ़ी 84 कि.मी के लिए 106 रुपए, बनखेड़ी से पचमढ़ी 77 कि.मी के लिए 97 रुपए, सोहागपुर से पचमढ़ी 74 कि.मी के लिए रुपए 93, पिपरिया से पचमढ़ी 54 कि.मी के लिए 68 रुपए, मटकुली से पचमढ़ी 28 कि.मी के लिए 36 रुपए किराया निर्धारित किया गया है।

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
एम. एम. मैथिल
आनंद मैथिल, गोल्डी राजपूत
पेट्रोल पंप के पास, पुराना बस स्टेंड, पिपरिया
(अधिवक्ता), पिपरिया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
एम.एम. माहेश्वरी एण्ड कम्पनी
कर सलाहकार,
जैन मंदिर के पास, पिपरिया
फोन 222250 मो. 9425408850

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय
श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया
❊पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
❊ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
❊ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
❊ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए
औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक
यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।
ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

## पिपरिया में देर रात ओलावृष्टि, मौसम ने बदला मिज़ाज

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** पिपरिया, मंगलवार की देर रात लगभग 2 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज बारिश के साथ साबूदाना के आकार के ओले गिरने लगे, जिससे क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई और लोगों में हलचल मच गई। अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से कुछ समय के लिए जनजीवन प्रभावित रहा। कई इलाकों में लोग बारिश की आवाज़ और ओलों की टप–टप से नींद से जाग गए। हालांकि ओले छोटे आकार के थे, लेकिन लगातार गिरने से सड़कें और खुले स्थान सफेद नजर आने लगे। किसानों ने बताया कि इस समय रबी फसलों के लिए यह बारिश कुछ हद तक लाभकारी हो सकती है, हालांकि अधिक ओलावृष्टि होने पर नुकसान की आशंका भी बनी रहती है। फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। आने वाले एक–दो दिनों तक मौसम में उतार–चढ़ाव बने रहने की संभावना जताई गई है।

## सत्संग का अर्थ आत्मा का धर्मात्मा से जुड़ना है – ब्रह्मचारी जी महाराज

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) पिपरिया नगर में आयोजित हो रहे रामचरित मानस यज्ञ–2026 के अंतर्गत ज्ञान, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त करने पहुंच रहे हैं। यज्ञ परिसर में अपार जनसमूह की उपस्थिति नगर की धार्मिक चेतना को सजीव कर रही है।

मांगरोल घाट से पधारे ब्रह्मचारी जी महाराज ने व्यासपीठ से प्रवचन देते हुए कहा कि "आत्मा के साथ होना, धर्मात्मा के साथ होना ही सत्संग है।" उन्होंने भगवान श्रीराम को परिभाषित करते हुए कहा कि जो बीत गया वह भी राम है, जो वर्तमान में है वह भी राम है और जो भविष्य में होगा वह भी राम है तीनों कालों में केवल राम ही राम हैं।

इससे पूर्व प्रयागराज से पधारे श्री शिवम शुक्ला जी ने ध्वजा और पताका के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि पताका ध्वजा से श्रेष्ठ होती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी योग्यता का झंडा नहीं, बल्कि विनम्रता की पताका फहरानी चाहिए। वहीं विद्वान जगतगुरु महाराज लक्ष्मणाचार्य जी ने सफलता के मूल मंत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में उन्नति का सबसे बड़ा आधार गुरु का आश्रय है।

रात्रिकालीन सत्र में अयोध्याधाम से पधारी सुश्री शांतिप्रिया जी ने देश की माटी और भारत भूमि की महत्ता पर भावपूर्ण विचार रखे। इगनघाट से पधारे विद्वान वक्ता श्री सुरेशचन्द्र जी महाराज ने "यही दीन प्यारे, वेद पुकारे" विषय का आज के जीवन से जोड़ते हुए गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया।

उल्लेखनीय है कि नगर में 72 वर्षों से चली आ रही इस गौरवशाली परंपरा में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है। जनसेवा की भावना के साथ नगर की स्व–सेवी संस्थाएं भी व्यवस्थाओं में बढ़–चढ़कर सहभागिता निभा रही हैं। पूरा नगर इन दिनों राममय वातावरण में सराबोर है।


गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019
किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक
डॉ. सुयश शर्मा
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय-
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक
डॉ.विभा शर्मा
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय-
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक
नोट - आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।
उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर
स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुंचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## अपनी कमियों को सुधारों



–संत राजिन्दरसिंह जी महाराज

हर क्षण बदलने वाली इस जिंदगी में हम बहुत से लोगों से मिलते हैं और बहुत सी कठिनाइयों का सामना करते हैं। अगर हम अपने मन को खुला छोड़कर, इसे हर दूसरे इंसान के वचनों और कार्यों पर टीका-टिप्पणी करने दें जो हर घटना को बार-बार सुनाता है, तो हम एक टेप-रिकार्डर की तरह बन जाएंगे। हमारी हर सांस बेशकीमती है, अगर हम इसको सिर्फ दूसरों की बुराई करने में ही व्यतीत कर देगें तो यह जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। फिर कौन जाने कि अगली जिंदगी में हम क्या बनेंगे ? हमें सिर्फ अपने आपकी रुहानी तरक्की से मतलब रखना चाहिये। दूसरे जो चाहे करें, जो चाहे कहें लेकिन हम आत्म-केन्द्रित रहें और प्रभु तक जाने की रुहानी यात्रा की ओर अपना ध्यान लगाएं। प्रभु ने हमें हर दूसरे इंसान की आलोचना करने की नौकरी नहीं दी है। हमें अपने आपकी आलोचना करनी चाहिये। अगर हम अपने आपकी आलोचना उतनी ही तीव्रता से करेंगे, जितनी तीव्रता से हम दूसरों की करते हैं तो हम पाएंगे कि हमें कितनी कमियाँ हैं और हम उन कमियों को ठीक करने के लिए मेहनत करेंगे।

हम अपने सारे बुरे विचारों, वचनों और कार्यों को त्यागकर अपने अंदर सद्‌गुणों को धारण करें। हमें चाहिए कि हम दूसरों की गलतियों और कमियों की ओर सहानुभूति से देखें। जैसे कि, जब एक शिशु या चोटा बच्चा गलती करता है लेकिन हम उसकी निंदा नहीं करते। हम उसको संवेदनशील दृष्टि से देखते हैं और यह महसूस करते हैं कि वह सीखने से पहले अवश्य बहुत सी गलतियाँ करेगा। ठीक इसी प्रकार दूसरे भी गलतियाँ करें तो हम उनकी ओर प्रेम और सहानुभूति से देखें।

अगर हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में दूसरों के प्रति प्रेम और सहानुभूति को अपना सकें तो हम पाएंगे कि प्रभु हमसे खुश होंगे और हम पर अधिक से अधिक दया बरसाएंगे। फिर हम अपने चारों ओर के लोगों के लिए शांति और प्रेम के स्रोत बन जाएंगे जिससे हमारी उन्नति तेजी से होगी और हममें अन्य सभी सद्‌गुण आते चले जाएंगे।

अगर हममें से हर एक इंसान इस महान लक्ष्य को पा सके तो हमारी यह धरती स्वर्ण युग में पहुंच जाएगी। जिसमें कि कोई युद्ध और लड़ाईयां नहीं होंगी। हम ऐसा संसार पा जाएंगे जिसमें हर मुश्किल और झगड़े का समाधान शांति से होगा।

## शासकीय स्कूलों में किया जा रहा कैरियर काउंसलिंग व मेले का आयोजन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेण्डरी एजुकेशन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के दिशा निर्देशन में विकास खंड के शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कैरियर मेला व कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विकास खंड के स्कूलों पीपर पानी महुआखेड़ा कला कामती में करियर मेला व काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें कैरियर काउंसलर राजकुमार पटैल ने व मेंटल हेल्थ काउंसलर मकरन सिंह कुशवाहा ने छात्र छात्राओं को शैक्षणिक संकायों, स्थानीय उद्योग एवं संस्थान का संक्षिप्त परिचय कराया। विद्यार्थियों को विषय चयन एवं करियर हेतु पारंपरिक व प्रोफेशनल कोर्स के चयन से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पीपरपानी के प्रचार्य सी एस गढ़वाल ने पीपर पानी में शासकीय हाई स्कूल महुआखेड़ा कला के प्राचार्य राजकुमार पाली, शासकीय हाईस्कूल कामती की प्रभारी प्राचार्य सरोज लता मेडम ने अपने अपने स्कूलों में व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया।



गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**चन्द्रकान्त अग्रवाल**

**(कर सलाहकार)**

**उपलब्ध सेवाएं** –इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य

(2) **लाईफ एंशुरेन्स**–पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस

(3) **हेल्थ एंशुरेन्स**–केयर हैल्थ एवं नीवा बूपा हैल्थ एन्शुरेंस

**सम्पर्क करें – दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड मो. 9893803544**

## हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती नम्रता संतोष कुमार पटेल ने भारत माता की पूजा अर्चना कर झंडा फहराया कर ग्राम के नागरिकों को देश भक्ति का संदेश दिया और बच्चों को एवं ग्रामवासियों को प्रसाद वितरित कर गणतंत्र दिवस समारोह मनाया इस मौके पर ट्रेनिंग पर आए हुए सचिव सहायक सचिव प्रेमनारायण पटेल संदीप कुमार पंच राजपाल यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सरोज शुक्ला सविता अहिरवार प्रमिला अहिरवार और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।



## हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर परिषद पुलिस थाना शासकीय भवनों पर झंडा फहराया गया बनखेड़ी के स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ग्राम पंचायत बाचावानी में सरपंच श्रीमती नम्रता संतोष कुमार पटेल ने और शासकीय माध्यमिक विद्यालय में श्रीमती सीमा मैडम के द्वारा भारत माता एवं सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर झंडा फहराया गया बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गए स्कूल से रैली के साथ ग्राम पंचायत पहुंचकर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता से कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान स्कूल में शाला विकास समिति के अध्याक्ष ने बच्चों के साथ भोजन किया गया शामिल स्टाफ श्रीमती सीमा मैडम नेहा मैडम श्रीमती प्रमिला पटेल श्रीमती सुषमा दुबे श्रीमती ज्योति पाल और शिक्षक चन्द्रशेखर पटेल रसोईया मुमताज बी श्रीमती तुलसा विश्वकर्मा मुन्नी साहू वरिष्ठ नागरिक अतिथि थे।



## नर्मदा अनुभूति कार्यक्रम का किया आयोजन

### (ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का समापन)

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** म .प्र जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में नर्मदा अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन सभी नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से पासी घाट(उमरधा)विकास खंड बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम में हुआ। आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में नर्मदा अनुभूति कार्यक्रम का शुभारंभ संत ध्रुव दास महाराज जी के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। छात्र छात्राओं सहित नर्मदाष्टक का वाचन करके मां नर्मदा की पूजन अर्चन की गयी। तत्पश्चात सी एम सी एल डी पी के छात्र–छात्राओं द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं से कचरा, प्लास्टिक सामग्री,व अन्य निस्तारण सामग्री निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित करने का आग्रह किया गया। नर्मदा जल की स्वच्छता, घाटों की स्वच्छता, नर्मदा जी के प्राकृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, एतिहासिक पक्ष को श्रृद्धालुओं को अवगत कराने का प्रयास किया। विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा ने नर्मदा अनुभूति कार्यक्रम के वारे में विस्तार से समझाया। ओमकार सिंह राजपूत ने गीत दोहरवाया। नवांकुर संस्था भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोबिंद नगर, विलेज लाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी, तुलसी सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति बनखेड़ी,मा नर्मदा ग्राम विकास समिति बनखेड़ी की सहभागिता रही। इस अवसर पर आशीष बादल बंटी यादव मकरन सिंह कुशवाहा, गोबिंद पटैल, लक्ष्मी प्रसाद मेहर, तुलसी राम कहार, भागीरथ कुशवाहा श्रीमंत पटैल, ज्योति बाथरे विकास प्रस्फुटन समिति उमरधा के वीरेंद्र पटैल पदाधिकारी,सी एम सी एल डी पी के छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आयोजित संस्था मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महुआखेड़ा में 20 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि कमल सिंह दीवान एम एस गोहिया रामकृष्ण पाल की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुखवति वर्मा ने कार्यक्रम की अवधारणा रखी वक्ताओं में सेवानिवृत्त प्राचार्य एस एस गोहिया कमल सिंह दीवान रामकृष्ण पाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पद चिन्हों पर चलने की बात कही ग्राम में रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वदेशी अपनाओ के नारे लगाए गए एवं महिलाओं द्वारा भजनों का कार्यक्रम रखा गया संस्था मां नर्मदा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव सत्यनारायण त्रिवेदी के संयुक्त प्रयास से भजन मंडलियों को प्रोत्साहन राशि दी गई मैटर रितेश कुशवाहा ने शासकीय योजनाओं की जानकारी दी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु श्री एम एस गोहिया ने शपथ दिलाई कार्यक्रम का संचालन प्रशांत गोहिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंदर सिंह ठाकुर पंचायत सचिव मकरंद सिंह पाल सुश्री ज्योति शर्मा प्रीति गोहिया रेखा मैसकोले सहित ग्रामीण उपस्थित मेंआभार प्रदर्शन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष दयाशंकर विश्वकर्मा सचिव सत्यनारायण त्रिवेदी ने किया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

**श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स**

**(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)**



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है।



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

**सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया**

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

# ग्राम बारी देवी स्थित गौशाला का भ्रमण

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया** सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 11वीं 12वीं की छात्राओं और स्टाफ दल द्वारा 26 जनवरी को नजदीकी ग्राम बारी देवी स्थित गौशाला का भ्रमण किया गया, जहां पर गौशाला प्रबंधन कर्ता युद्धवीर शर्मा ने छात्र छात्राओं और स्टाफ को गौशाला के दैनिक प्रबंधन की बारीकियां से अवगत करते हुए गौशाला के अंदर भ्रमण कराया और वहां गायों की रखरखाव देखभाल व्यवस्था को भी समझाया ,छात्राएं गौशाला में हजारों गायों को अपने बीच में पाकर बेहद खुश हो गई उन्होंने गायों से संबंधित अन्य जानकारियां भी श्री शर्मा से प्राप्त की जिन्हें बताते हुए युद्ध वीर शर्मा ने वर्तमान समय में गायों की सामाजिक दशा में लोगों द्वारा पॉलिथीन के कू प्रबंधन को बहुत कुछ हद तक जिम्मेदार बताया। आपने कहा शहरों में और अब तो गांवों में भी लोग वाग समान खाली हों जाने पर पन्नीयों को यहां वहां फेंक देते हैं, जिससे गाये उन्हें निगल जाती है ,और यही बात उनके लिए दर्द नाक मृत्यु साबित होती है, इस अवसर पर छात्राओं को ऐसी मृत गायों की अस्थियां भी दिखाई दीं जहां मृत गायों के पेट में कुंटलों पॉलिथीन की पन्नीयां उलझी हुई नजर आ रही थी, जिन्हें देखकर छात्राएं और मौजूदा स्टाफ हतप्राह रह गए, इस अवसर पर सर्वोदय शिक्षण संस्था के अध्यक्ष आनंद प्रकाश शर्मा ने भी गायों की महत्वता को और शास्त्रों में वर्णित प्राणी मात्र के जीवन से जोड़कर बातें गहराई से बातें समझाई आपने आपने कहा कि गाय गोलोक से लेकर देवताओं और मनुष्य के जीवन चक्र को प्रभावित करती है शास्त्र बताते हैं ,की गाय के अस्तित्व के बिना मनुष्य या अन्य प्राणियों का अस्तित्व मुश्किल है। गौशाला भ्रमण के पश्चात छात्रों ने वहां के ग्रामीण परिवेश और वनसंपदा को भी जाना, साथी हीं (ओशो)रजनीश के ध्यान आश्रम को भी छात्राओं और स्टाफ ने बाहर से देखा और उस भी चर्चा की।





गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

आर.एस.रघुवंशी
अधिवक्ता, पिपरिया

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विद्यार्थी भंडार
मंगलवारा बाजार, पिपरिया
हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम की सभी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें एवं नोट्स व सभी प्रकार की स्टेशनरी के एक मात्र विक्रेता

26 जनवरी के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धासुमन
होटल अलका
फैमिली रेस्टोरेंट
अलका टाकीज कम्पाउंड, पिपरिया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों बंधुओं, व्यापारी भाईयों को हार्दिक शुभकामनाएं।

ग्रेन सीड्स एण्ड दाल मर्चेन्ट एसोसिएशन, पिपरिया

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | सहसचिव |
|---|---|---|---|
| भगवानदास अग्रवाल | रमेश कुमार पटैल | रोहित अग्रवाल | राजेन्द्र कुमार मनिहार |
| कोषाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | | सहसचिव |
| सचिन गोदानी | मनोहरलाल दूदानी | | श्रीगोपाल माधन्या |

**कार्यकारणी सदस्य :-** देवेन्द्र सिंह पटैल, महेश कुमार लोया, सुशील कुमार गांधी, राधावल्लभ गट्टानी, नरेन्द्र कुमार झंवर, संजय कोठारी, विजय मालवीय, राजेश भट्टर, विवेक भट्टर, नारायण साहू, अनिरुद्ध राठी, योगेश अग्रवाल, श्यामसुन्दर सोनी, गिरिराज राठी (एम.डी.आर.)

26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामदेव शुगर प्रा. लि.
ठैनी, बनखेड़ी
आफिस-228434, 228788, 228888, निवास-228777, 228455
श्रीनाथ ट्रेडर्स
फोन -228402, 228585, 228830
अनाज व्यवसायी, बनखेड़ी
विनम्र
जांवधिया परिवार ठैनी

*गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*



शैलेन्द्र राय
पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष
एवं प्रगतिशील कृषक पिपरिया

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ॐ सांई राम
मनोहर स्टोर्स
जैन मंदिर गली, पिपरिया
फोन-(07576) 222231, मो. 9329555701
- नानक मेघवानी
सुन्दर बिस्कुट ओशान बल्ब, पान मसाला, चॉकलेट, बिस्कुट के थोक विक्रेता

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर
के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान
AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete
मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध
**ब्लॉक साइज -**
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''
लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**
गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया
मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राइटर- आनंदा गट्टानी

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर
नगर के सभी एवं जाकिर हुसैन वार्ड के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
किशोर डाबर
पूर्व पार्षद
जाकिर हुसैन वार्ड, पिपरिया
पूर्व सदस्य जिला योजना समिति

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## आलस्य न करना ही अमृत पद है

जो कार्य अभी हो सकता है , उसे घंटों बाद करने की मनोवृत्ति आलस्य की निशानी है। एक कार्य हाथ में लिया और करते चलेंगे, तो बहुत से कार्य पूर्ण हो सकेंगे। बहुत से काम एक साथ लेने से किसे पहले किया जाए, इसी दुविधा में समय बीत जाता है और एक भी कार्य पूरा और ठीक से नहीं हो पाता है। अतः जो कार्य आज और अभी हो सकता है , उसे कल के लिए न छोड़कर तत्काल कर डालिए। दूसरी बात ध्यान में रखने की यह है कि एकसाथ अधिक कार्य हाथ में न लिए जाएँ क्योंकि किसी भी कार्य में पूरा मनोयोग व उत्साह न रखने से सफलता नहीं मिल सकेगी। अतः एक-एक कार्य को हाथ में लिया जाए और क्रमशः सबको कर लिया जाए, अन्यथा सभी कार्य अधूरे रहव जाएँगे और पूर्ण हुए बिना किसी भी काम का फल नहीं मिल सकता। कहा भी है -'श्रद्धावान् लभते ज्ञानं तत्परः लभतेन्द्रियः' कार्य में तत्पर, सयंमी एवं श्रद्धालु को ही ज्ञान प्राप्त होता है। आलस्य एक प्रकार का अंधकार है , जो मनुष्य की आत्मा एवं शक्तियों पर तुषारापात कर देता है।

स्मरण रखिए, निकम्मेपन और आलस्य में भी एक प्रकार का घृणित आकर्षण है। सैकड़ों व्यक्ति आलस्य के गंदे कूप में पड़े हैं और उसी को श्रेष्ठ समझ रहे हैं। उन्हें अपने जीवन से अधिक से अधिक कार्य लेने के लिए कमर कस कर तैयार हो जाना चाहिए। 'आलस्यं हिं मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः' अर्थात् मनुष्य शरीर का सबसे बड़ा शत्रु आलस्य ही है।

अखण्ड ज्योति-नवंबर 1956 पृष्ठ 20


## मकान बेचना है

एक दो मंजिला मकान सरदार वार्ड में अन्दर मेन रोड पर स्थित बेचना है मकान का साइज 20 x 50=1000 वर्गफुट है। जिसमें अभी टेन्ट हाउस चलता है। उक्त मकान मेरे स्वयं रामलाल कहार के नाम से है। कृपया वास्तविक इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें।

रामलाल कहार

सरदार वार्ड, पिपरिया मो. 9981287323

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



गोपी गहना

चांदी, सोना के आभूषण विक्रेता

अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास

पुलिया के सामने पहली दुकान।

फोन-(07576) 220502, मो. 9425475981, 7693075981

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

पानी की किल्लत से छुटकारा.......

अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।

पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम

4" से 24" ट्यूबलेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान



महावीर पाइप्स

गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया

मो. 9425040827, 9806593136

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।

नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाबर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।

साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।

न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर

3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया


## 'थाना करेली अंतर्गत ग्राम कोदसा आत्महत्या प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार'

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली।** दिनांक 18.01.2026 को थाना करेली अंतर्गत ग्राम कोदसा में एक विवाहित महिला एवं उसकी 3 वर्षीय बालिका की आत्म हत्या करने संबंध प्रकरण की सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त मामले में तत्काल कार्यवाही की साथ ही घटना की सूचना प्राप्त होने पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी, नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच करन हेतु निर्देश दिए गए।

जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण से संबंधित



तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं मृतिका के शव का डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर उक्त प्रकरण दहेज प्रताड़ना/दहेज मृत्यु का पाया जाने से तत्काल दहेज हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

'गिरफ्तार आरोपी –'

1–भूपेन्द पटेल निवासी ग्राम कोदसा (पति)

2–जुगराज पटेल निवासी ग्राम कोदसा

3–ममता बाई पटेल निवासी ग्राम कोदसा।

'वैधानिक कार्यवाही –' उक्त प्रकरण में तीनों आरेपियों के धारा 80 (2), 85, 3 (5) बी.एन.एस एवम् 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है।

–भागीरथ तिवारी,

## पिपरिया की तीन बेटियों का मध्यप्रदेश रग्बी टीम में चयन

### सब–जूनियर नेशनल रग्बी 7 चौंपियनशिप 2025–26 में करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) पिपरिया, शहर के लिए गौरव की बात है कि पिपरिया की तीन होनहार बेटियों का चयन मध्यप्रदेश सब–जूनियर रग्बी टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी भारतीय रग्बी संघ द्वारा आयोजित सब–जूनियर नेशनल रग्बी 7 चौंपियनशिप 2025–26 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 जनवरी 2026 तक कलिंगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, भुवनेश्वर (ओडिशा) में किया जाएगा।

मध्यप्रदेश टीम में चयनित खिलाड़ियों में आकांक्षा नायर (पुत्री कपिल नायर), अंकिता तिवारी (पुत्री गोविन्द तिवारी) एवं राशिका पटेल (पुत्री भरत जी पटेल) शामिल हैं। तीनों खिलाड़ी जिला नर्मदापुरम के पिपरिया शहर की निवासी हैं।

जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम के सचिव एवं कोच सचिन पुर्विया ने बताया कि देवास में आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश की 12 सदस्यीय टीम का चयन किया गया, जिसमें पिपरिया की इन तीनों खिलाड़ियों ने स्थान बनाया। पिपरिया में सचिन स्पोर्ट्स द्वारा आर.एन.ए. खेल मैदान पर खिलाड़ियों को नियमित रूप से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसका सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है। इससे पूर्व भी पिपरिया के कई खिलाड़ी जूनियर एवं सीनियर स्तर पर मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

प्रदेश टीम ओडिशा रवाना

मध्यप्रदेश रग्बी टीम 13 जनवरी को कोच संदीप जाटव एवं मैनेजर दीक्षा पाटीदार के नेतृत्व में ओडिशा के लिए रवाना हो चुकी है। यह प्रतियोगिता देशभर की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। खिलाड़ियों के चयन एवं प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं मध्यप्रदेश रग्बी संघ सचिव अरबाज शेख, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार जैन, जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम के वी.एस. चौहान (सेवानिवृत्त वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी) सहित सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुर दास नागवंशी, जिला खेल अधिकारी संजीव दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों, खेल अधिकारियों, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने दीं।

पिपरिया की इन बेटियों की उपलब्धि से क्षेत्र में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है और आने वाले समय में इनके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।


गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

सुपर सिलेक्शन

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

अधिकृत विक्रय-(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) [illegible] सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ❊ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# UGC की नई गाइडलाइंस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, केंद्र को नए सिरे से ड्राफ्ट करने के निर्देश

**UGC के नए नियमों को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई जिसमें कोर्ट ने नए नियमों पर रोक लगा दिया है और अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च को तय की है।**

नई दिल्ली। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर देशभर में बहस तेज हो गई है। देश के अलग-अलग राज्यों में इसके खिलाफ लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिला। 1 फरवरी को करणी सेना समेत कई संगठनों ने भारत बंद का ऐलान किया है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने UGC की नई गाइडलाइंस पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। श्र्ः सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और UGC को नोटिस जारी किए हैं। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया।



श्र्ः सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा कि हमने जातिविहीन समाज की दिशा में कितना कुछ हासिल किया है। क्या अब हम उल्टी दिशा में चल रहे हैं? शीर्ष अदालत ने कहा कि रेगुलेशन में जो शब्द इस्तेमाल किए गए हैं उनसे यह लगता है कि इस रेगुलेशन का दुरुपयोग किया जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा कि हम समाज में एक निष्पक्ष और समावेशी माहौल बनाने पर विचार कर रहे हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी।बता दें कि UGC ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था, जिसका नाम है- श्प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में SC/ ST और OBC छात्रों के खिलाफ जातीय भेदभाव रोकने के लिए कई निर्देश दिए गए हैं। इस गाइडलाइंस को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि अगर इन नियमों को मौजूदा स्वरूप में लागू किया गया, तो इससे भेदभाव को बढ़ावा मिल सकता है और इस पर तुरंत न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी है। इस पर CJI सूर्यकांत ने याचिका से जुड़ी सभी तकनीकी कमियां दूर करने को कहा, ताकि मामले को जल्द सूचीबद्ध कर सुनवाई की जा सके। **-हम समवेत**

## सोहागपुर के अम्बेडकर वार्ड में लक्ष्मीनारायण मालवीय के मकान से अवैध रूप से पाए गए 15 भरे और 7 खाली सिलेंडर जब्त

**जनसंपर्क नर्मदापुरम** । सोहागपुर के अम्बेडकर वार्ड में लक्ष्मीनारायण मालवीय के मकान में 22 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से पाए गए। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर सुश्री प्रियंका भलावी, तहसीलदार सोहागपुर, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोहागपुर और थाना प्रभारी सोहागपुर ने बुधवार दोपहर 1रू01 बजे कार्रवाई करते हुए 15 भरे और 7 खाली सिलेंडर जब्त किए। लक्ष्मीनारायण ने बताया कि ये सिलेंडर आदर्श भारत गैस एजेंसी शोभापुर के हैं। इस संबंध में गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित है और प्रकरण कलेक्टर न्यायालय को भेजा जा रहा है।

## रामचरित मानस ज्ञान यज्ञ में उमड़ा जनसैलाब
## श्रद्धा और विश्वास के समागम से ही विवेक का होता है उदय

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया, नगर में आयोजित रामचरित मानस ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु ज्ञान यज्ञ में सहभागिता कर रहे हैं। अयोध्या धाम से पधारीं सुश्री शांति श्रिया जी ने व्यास पीठ से अपने प्रबोधन में कहा कि श्रद्धा और विश्वास के समागम से विवेक उत्पन्न होता है, जबकि चाटुकारिता और स्वार्थ से बुद्धि का पतन होता है।

ज्ञान यज्ञ में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे विद्वान वक्ताओं के सारगर्भित प्रवचनों से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर है। जगतगुरु श्री लक्ष्मणाचार्य जी महाराज ने लंका कांड की चौपाइयों का उल्लेख करते हुए गुरु वशिष्ठ के चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु चरणों की वंदना से ईश्वर का साक्षात्कार संभव है।

वहीं विद्वान वक्ता श्री सुरेशचंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में मन को मंदिर बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि मन को ही मंदिर बना लिया जाए, तो मंदिर जाने की असुविधा और समय की बाध्यता समाप्त हो जाती है। अपने मन-मंदिर में कभी भी अपने आराध्य के दर्शन किए जा सकते हैं। प्रयागराज से पधारे श्री शिवम शुक्ला जी ने अपने सार्थक संबोधन में नवधा भक्ति की महत्ता को विस्तारपूर्वक समझाया और भक्ति के विभिन्न स्वरूपों पर प्रकाश डाला। ज्ञान यज्ञ के दौरान नगर की जानी-मानी स्वयंसेवी संस्थाएं भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए चाय वितरण, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं यज्ञ स्थल पर की गई हैं, जिसकी नगरभर में भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

## चेतन की ऊपरी मंजिल से गिरने से उसका दुखद निधन


**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** मंगलवारा बाजार स्थित सराफा व्यापारी राजेन्द्र सोडानी का लड़का अपने ही संस्थान की ऊपरी मंजिल से गिरने से उसका दुखद निधन हो गया। बाजार के दिन भारी भीड़ भाड़ का आलम और घटना पर हर व्यक्ति अवाक सा रह गया प्रश्न चिन्ह करती हर जुवान मौन सी रह गई। सोढ़ानी परिवार गम में डूप गया चेतन को बचाने अस्पताल गये पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी आ गई मामला क्या है समझने के लिए मर्ग कायम कर जांच पड़ताल प्रारंभ की। सीमेंट रोड़ पर ऊंचाई से गिरने से चोट के कारण शरीर से खून काफी वह गया था अचेत अवस्था में अस्पताल ले गए पर वहां पर मौत की पुष्टि की गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

## डोडा हादसा -सड़क दुर्घटना में शहीद जवानों को पचमढ़ी रोड स्थित संकल्प क्लासेज में दी श्रद्धांजलि

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम्प पिपरिया, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को पचमढ़ी रोड स्थित संकल्प क्लासेज में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह-चांबा मार्ग स्थित खानी टॉप क्षेत्र में सेना का एक बुलेट प्रूफ वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वाहन में कुल 17 जवान सवार थे, जो ऊंचाई वाले पोस्ट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चालक द्वारा नियंत्रण खो देने से वाहन लगभग 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 10 जवान शहीद हो गए, जबकि अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद सेना और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहीद जवान आतंकवाद विरोधी अभियान में तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की चौथी बटालियन के बताए गए हैं।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व सैनिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केशर सिंह चौधरी, बलराम पाटर, साहब सिंह कहार, चरण सिंह रघुवंशी, हीरालाल अहिरवार, उमेश साहू, तुलसीराम अहिरवार सेवानिवृत्त शिक्षक एम.एल. नायक एवं विनोद कुमार शर्मा, गिरधर आडवाणी सहित संकल्प फाउंडेशन के विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने शहीद जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।


गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता | My Cem Cement

श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-होशंगाबाद (म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अल्ट्राटेक सीमेंट | अल्ट्राटेक सीमेंट | अल्ट्राटेक सीमेंट

राज ट्रेडर्स

मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339

कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया

होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध | लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड

डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए

ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# 77वें गणतंत्र दिवस की



## प्रदेशवासियों को अनेक मंगलकामनाएं

"भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज राष्ट्र के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के फलस्वरूप यह सब संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक शक्ति बनकर उभर रहा है।"

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव अभ्युदय मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश की उन्नति के मुख्य स्तंभ

**अन्नदाता की समृद्धि से प्रगति की ओर मध्यप्रदेश**

वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया गया है, इसका उद्देश्य अन्नदाता को समृद्ध और सशक्त बनाना है।

**युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण**

मध्यप्रदेश के युवा सक्षम और कौशलवान बनकर अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**गरीब एवं जनजातीय वर्ग की तरक्की का संकल्प**

गरीब और जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समस्त मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

**सशक्त नारी - सशक्त मध्यप्रदेश**

नारी परिवार और समाज का दर्पण होती है। महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके पोषण, स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं रोज़गार तक का ख्याल प्रदेश सरकार रख रही है।

**अतुल्य विरासत से वैभवशाली मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत अद्भुत एवं समृद्ध है। यहां नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ कला और संस्कृति भी बहुआयामी है।

**औद्योगिक विकास का नया अध्याय**

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास का एक उभरता केंद्र बन चुका है। गांवों को शहरों से जोड़ना हो या नए उद्योग स्थापित करने हों, प्रदेश आज चौतरफा विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D18088/26

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail pipariyaprakash@gmail.com